# औद्योगिकीकरण के लिए इन्फ्रास्ट्रक्टर का विकास कर रही सरकार : सहगल



**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए दो बिंदुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। पहला राज्य में अवस्थापना सुविधाओं का विकास और दूसरा औद्योगीकरण के अनुकूल नीतियों को बढ़ावा देना शामिल है। डॉ. सहगल ये बातें इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी) की ओर से आयोजित फैसेलिटेशन ऑफ गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना प्रदेश की एमएसएमई के लिए गेम चेंजर साबित हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को 10 खरब डालर की इकोनॉमी बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसको पूरा करने में ओडीओपी कार्यक्रम का अहम योगदान होगा। पिछले चार साल में 80 लाख एमएसएमई को ऋण उपलब्ध कराते हुए 1.50 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ावा दिया है। ब्यूरो


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं : क्र.सं.: